राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान

उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रम- हिंदी

पाठ 2: **रैदास**

कार्यपत्रक-2

प्रश्न 1 - **निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए** ।

नरहरि! चंचल है मति मेरी,
कैसे भगति करूं मैं तेरी ।।
तूं मोंहि देखै, हौ तोहि देखूं , प्रीति परस्पर होई।
तूं मोंहि देखै, मोहि न देखूं , यह मति सब बुध खोई।
सब घट अंतर रमसि निरंतर, मैं देखने नहिं जाना।
गुन सब तोर, मोर सब औगुन, कृत उपकार न माना।

(क) - रैदास ने किसे चंचल कहा है ?

(ख) - रैदास प्रभु की भक्ति में अपना ध्यान केंद्रित क्यों नहीं कर पा रहे हैं?

(ग) - प्रभु से प्रीति करने में रैदास को क्यों असुविधा हो रही है?

(घ) - मनुष्य होने के कारण हमारे भीतर कौन- से अवगुण हैं ?

प्रश्न 2. - **निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-**

जिह कुल साधू बैसनो होई ।
बरन अबरन रंकु नहिं ईसरु बिमल
बासु जानिए जग सोई।।
चंडार मलेछ मन सोचा।
ब्रहमन बैस सूद अरु ख्यत्री डोम
होई पुनीत भगवत भजन थे आपु
तारि तारे कुल लोग ।।
धनी सु गाउ धनि हो ठाउ
धनि पुनीत कुटुंब सभ लोइ।।

(क) - रैदास किसकी महत्ता उजागर कर रहे हैं?

(ख) - रैदास के अनुसार कौन - सा कुल श्रेष्ठ है?

(ग) - रैदास ने ईश्वर के सच्चे भक्त होने की क्या पहचान बताई है?

(घ) - रैदास के अनुसार एक सच्चे ईश्वर - भक्त के जन्म से क्या-क्या धन्य हो जाता है?

(ड) - किसी व्यक्ति की श्रेष्ठता किस बात से सिद्ध होती है ?

प्रश्न 3. **रैदास ने भक्त और भगवान की कई चीजों से तुलना की है। यहां दिए गए शब्दों को उचित बॉक्स में लिखें**-

सुहागा धागा मोती चकोर बाती चांद दीपक सोना

	भगवान	**भक्त**
(क)		
(ख)		
(ग)		
(घ)		

प्रश्न 4 . **निम्न खाने में दिए गए शब्दों के अर्थ लिखिए** :

मति ,लोई , बिमल , बासु

	शब्द	**अर्थ**
(क)		
(ख)		
(ग)		
(घ)		

प्रश्न 5. **‘ किसी को बिना देखे भी प्रीति हो सकती है।' इस कथन से आप कहां तक सहमत / असहमत हैं? पाठ के संदर्भ में तर्क सहित अपने विचार प्रस्तुत कीजिए।**

प्रश्न 6. **किसी व्यक्ति की श्रेष्ठता किस बात से सिद्ध होती है? पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।**

प्रश्न 7. **समाज में व्याप्त असमानता को दूर करने हेतु हम किस प्रकार अपना योगदान दे सकते हैं ? कोई दो सुझाव प्रस्तुत कीजिए।**

प्रश्न 8 . **नीचे दिए गए चित्र को ध्यान पूर्वक देखिए और रैदास के पद द्वारा प्राप्त संदेश को अपने शब्दों में लिखिए।**

प्रश्न 9. **' ते नर जमपुरि जाइसी।'पंक्ति के माध्यम से रैदास क्या संदेश देना चाहते हैं? स्पष्ट कीजिए।**

प्रश्न 10 . **निम्नलिखित शब्दों के दो - दो पर्यायवाची शब्द लिखिए।**

सोना चांद घन पानी कमल

	शब्द	**पर्यायवाची शब्द**	**पर्यायवाची शब्द**
(क)	**सोना**		
(ख)	**चांद**		
(ग)	**घन**		
(घ)	**पानी**		
(ड)	**कमल**		